तापस बेष बिसेषि उदासी। चौदह बरिस रामु बनबासी।।
जौं पितु मातु कहेउ बन जाना। तौं कानन सत अवध समाना।।
| Ram Katha 930 - मानस वनवास || Shravasti - UP || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 190 इंदौर, गुरुवार 18 जनवरी, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


ठिठुरा MP

# ट्रेनें 12 घंटे तक लेट, फ्लाइट भी प्रभावित

**खजुराहो में रिकॉर्ड ठंड; नौगांव, टीकमगढ़, सतना, दतिया में सीवियर कोल्ड**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। बर्फीली हवाओं से पूरा मध्यप्रदेश ठिठुर गया है। खजुराहो के दिन और रात दोनों सर्द हैं। यहां बुधवार रात का तापमान 6 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि बुधवार दिन का अधिकतम टेम्प्रेचर रिकॉर्ड 12 डिग्री तक पहुंच गया। गुरुवार सुबह कोहरे की वजह से रतलाम, दमोह, खजुराहो, रीवा, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया में विजिबिलिटी 50 से 200 मीटर के बीच रही।**

खजुराहो के अलावा नौगांव (छतरपुर), टीकमगढ़, सतना, दतिया में सीवियर कोल्ड डे रहा। इन शहरों में बुधवार को दिन का तापमान सामान्य से 6.5 डिग्री कम और रात का तापमान 10 डिग्री से कम रहा। खराब मौसम के कारण रेल यातायात भी बुरी तरह प्रभावित है। मुंबई और दिल्ली से आने वाली ट्रेनें 5 से 12 घंटे तक की देरी से चल रही हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। इसका असर प्रदेश में कम है, लेकिन बर्फीली हवाएं आने लगी हैं। इस कारण प्रदेश में दिन का मौसम बदल गया है। 20 जनवरी के बाद रातें और भी ठंडी हो जाएंगी।

खराब मौसम का फ्लाइट्स पर असर

भोपाल में लगातार दूसरे दिन इंडिगो ने खराब मौसम के कारण दो फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इसमें प्रयागराज से सुबह 11:30 बजे वाली फ्लाइट और मुंबई से आने वाली नाइट फ्लाइट शामिल हैं। कंपनी ने फ्लाइट कैंसिल कर यात्रियों को इसकी सूचना एसएमएस के माध्यम से दी है।

उधर, कोहरे के कारण बुधवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस की बेंगलुरु से आने वाली फ्लाइट निर्धारित समय से करीब 5 घंटे देरी से ग्वालियर पहुंची। दिल्ली से आने वाली फ्लाइट करीब 6 घंटे देरी से चलकर दोपहर 3 बजे की बजाय रात 9 बजे ग्वालियर आई। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# अयोध्या जा रहे युवकों को बम से उड़ाने की धमकी

## बुजुर्ग बोला- पहुंच नहीं पाओगे, गुजरात से साइकिल यात्रा पर निकले हैं भक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सारंगपुर। गुजरात से साइकिल यात्रा कर अयोध्या जा रहे दो युवकों से राजगढ़ में अभद्रता की गई। युवक जिले के सारंगपुर से गुजर रहे थे, तब एक बुजुर्ग ने पूछा कहां जा रहे हो? जवाब में अयोध्या सुनकर उसने युवक को धमकी दी कि पहुंच नहीं पाओगे, राम भक्तों को बम से उड़ा दूंगा। दूसरे युवक ने इसका वीडियो बना लिया।**

नील पटेल और देव पटेल राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा देखने के लिए साइकिल से अयोध्या जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि असगर खां नाम के व्यक्ति ने उनसे गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने पचोर के विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को पूरी बात बताई। पचोर पुलिस के माध्यम से सारंगपुर में FIR दर्ज कराई।

### चाचा बोला- जाओ अयोध्या, तुमको बताते हैं

नील पटेल और देव पटेल गुजरात के वलसाड़ जिले के रहने वाले हैं। नील पटेल ने बताया, बुधवार को हम शिमला होटल में रुके थे। यहां से निकलने के बाद शाम करीब 4 बजे राजगढ़ में पचोर हाईवे से लगे



चतरूखेड़ी में एक चाचा हमें मिला। चाचा ने मुझसे तीन से चार बार पूछा कि कहां जा रहे हो। मैंने हर बार अयोध्या कहा। चाचा भड़क गया। अपना नाम असगर खां बताते हुए कहने लगा- 'जाओ, तुमको बताते हैं। वहां तक पहुंच नहीं पाओगे। राम भक्तों को बम से उड़ा देंगे।' उसका बेटा भी आ गया। दोनों पिता-पुत्र ने गाली-गलौज की। राम जी को भी गाली दी।

नील पटेल ने बताया, पचोर में हिंदू जागरण मंच जिला सहसंयोजक मुकेश दुबे हाईवे पर हमारा स्वागत करने आए थे। हमने उन्हें आपबीती सुनाई। मुकेश हमें पचोर थाने ले गए। पचोर पुलिस हमें सारंगपुर लेकर गई। यहां FIR दर्ज कराई। देव पटेल ने असगर खां का धमकी देते हुए वीडियो बना लिया था।

### हिंदू जागरण मंच ने दी आंदोलन की चेतावनी

सारंगपुर थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि बुधवार रात 9 बजे प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। हिंदू जागरण मंच नेता प्रमोद सोनी ने कहा, देश भर के राम भक्त यहां से गुजर रहे हैं। हाईवे पर इस प्रकार की घटना अशोभनीय कृत्य है। मौके पर स्थित होटल संचालक से पूरे मामले की जानकारी लेकर संबंधित आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अन्यथा हिंदू जागरण मंच इस मामले में आंदोलन करेगा।

राम मंदिर पर दिग्विजय ने उठाए सवाल

# बोले- जहां मस्जिद थी वहां क्यों नहीं बनाया

- राम के दर्शन के लिए न हमें जल्दी न निमंत्रण की जरूरत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना।** अपने बयानों के कारण हमेशा सुर्खियों में रहने वाले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राम और धर्म की बात करने वाली भाजपा पर धर्मशास्त्र की मान्यताओं को दरकिनार करने के आरोप लगाए हैं।

रीवा में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद भोपाल वापसी के लिए बुधवार को देर रात सतना पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमे राम के दर्शन के लिए न तो कोई जल्दी है और न ही किसी निमंत्रण की आवश्यकता। भगवान राम में हमारी आस्था है। वैसे भी धर्मशास्त्र में मान्यता है कि निर्माणधीन मंदिर में कोई प्राण प्रतिष्ठा नहीं होती। जब मंदिर पूरी तरह बन जायेगा तब हम जाएंगे और दर्शन करेंगे। दिग्विजय ने भाजपा पर धर्मशास्त्र की मान्यताओं को दरकिनार करने के



आरोप लगाते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में न तो कोई शंकराचार्य जा रहे हैं और न ही रामानंद सम्प्रदाय के संत जा रहे हैं। विहिप,संघ और पीएम नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से यह आयोजन रचा है,उसमे कोई राजनैतिक दल भी शामिल नहीं हो रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने एक और सवाल उठाते हुए कहा कि कई दशक पुराने मंदिर के मामले में जब सुप्रीम कोर्ट ने भी फैसला दे दिया तो फिर आखिर ये मंदिर उस जगह पर क्यों नहीं बनाया जा रहा जहां मस्जिद थी और जिसे रामलला का जन्मस्थल बताया जाता रहा है। कई दशकों पुराना विवाद भी तो इसी बात को लेकर था तब मंदिर उस भूमि पर क्यों बनाया जा रहा है जिसका अधिग्रहण पूर्व प्रधानमंत्री स्व नरसिम्हाराव ने किया था? दिग्गी ने कहा कि भाजपा, संघ और विहिप ने निर्मोही अखाड़ा का अधिकार छीना है। उन्होंने कहा जब मंदिर पूरी तरह बन जायेगा तब वे दर्शन करने अयोध्या जाएंगे।

बता दें कि मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा था कि कांग्रेस ने बड़ी बेशर्मी के साथ लिखित में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण ठुकराया है। कांग्रेस के भाग्य फूट गए हैं। उसने दुनिया भर के हिंदुओं का अपमान किया है। इसके लिए कांग्रेस नेतृत्व को माफी मांगना चाहिए।

## बंगाली क्लब की काली माता का 35वां प्रतिष्ठा स्थापना महोत्सव कल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अयोध्या धाम मे होने जा रहे श्री रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर बंगाली स्कूल एंड क्लब 19 जनवरी को सुंदर कांड का पाठ करने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष अशोक मुखर्जी और सचिव रवि शंकररॉय चौधरी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम के नवनिर्मित राममंदिर मे होने जा रहे महोत्सव को लेकर बंगाली समाज मे भी खुशी का माहौल है। 19 जनवरी , गुरुवार को नवलखा स्थित कालीबाडी रोड पर काली माता मन्दिर मे 35 वा प्रतिष्ठा स्थापना महोत्सव को मनाने की जोरदार तेयारिया चल रही है। संपूर्ण मन्दिर परिसर की सफाई कर साज सज्जा की जा रही है। जयंत नाथ चौधरी और असित गांगुली ने बताया कि 19 जनवरी को सुबह 10 बजे हवन पूजन के कार्यक्रम होगे। उसके बाद सामूहिक सुंदर कांड का पाठ होगा। समापन भोग के साथ प्रसादी वितरण से होगा।

## सेंट्रल कोतवाली थाना प्रभारी को राम मंदिर की प्रतिकृति की भेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रभु श्रीराम के प्रति लोगों का स्नेह शहर हर दिख रहा है। कोई अक्षत बांट रहा है तो कोई भगवा ध्वज। कई लोग तो घर-घर दीप पहुंचाने की तैयारी में है। महारानी रोड एंड व्यापारी महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार शाम सेंट्रल कोतवाली में थाना प्रभारी वेदेन्द्रसिंह कुशवाह को 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली रामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के प्रतीक स्वरुप राम मंदिर मॉडल भेट किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष जितेन्द्र रामनानी, सचिव जय जेठवानी, संरक्षक राम मेंघानी, कमल मेहता, आनंद शर्मा,समीर भार्गव और राजू कालरा उपस्थित थे। महारानी रोड व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष जितेंद्र रामनानी ने बताया अतिआधुनिक मशीनों से निर्मित राम मंदिर की सुंदर प्रतिकृतियां महारानी रोड़ के व्यापारियों में वितरित करने का निर्णय भी लिया है। जिसके तहत समस्त व्यापारियों को अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर के मॉडल लोगों को भेंट किये जा रहे है। यह एक अभियान की तरह है। लकड़ी वाला यह मॉडल दिखने में श्रीराम मंदिर जैसे प्रतीत होते हैं।

## राममय हुई साईंकृपा कॉलोनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के तारतम्य में साईंकृपा कॉलोनी में रहवासियों ने अक्षत कलश यात्रा निकाली। ढोल भजनों से पूरी कॉलोनी श्रीराम के रंग में राममय हो गयी। बच्चों द्वारा श्रीराम, सीता जी व श्रीहनुमान के स्वरूप में आकर्षित करते रहें। यात्रा का शुभारंभ कारसेवक श्री प्रेम नारायण जोशी जी द्वारा श्रीराम ध्वज से किया। कलश पूजन उज्वला व्यास, वंदना दुबे, संजना वैद्य, मंजू शर्मा, सोनाली अरोरा, राशि तिवारी, नंदा उज्जवने व स्मिता तोमर द्वारा किया। यात्रा में दीपेश गुप्ता, अमिताभ मालविया, पंकज वैद्य, सुशील दुबे, शंकर कुमावत, जगदीश जोशी, शंकर कुमावत व अभिजीत खैर उपस्थित रहें।

# इंदौर-खंडवा-एदलाबाद हाईवे के लिए तीन महीने रात में निर्माण कार्य को हरी-झंडी

### रात में सुरंग के बाहर काम किया तो निरस्त होगी अनुमति, रखना होगी निगरानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर-खंडवा-एदलाबाद हाईवे का निर्माण जल्द पूरा किए जाने को लेकर फिर एक बार नियमों को ताक पर रख दिया। वन विभाग ने रात में सुरंग के भीतर काम करने की अनुमति दी। इस बार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) पर कुछ पाबंदी लगाई है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि सुरंग के बाहर काम करने पाया जाता है तो अनुमति को निरस्त कर दिया जाएगा। विभाग ने तीन महीने काम करने की छूट दी है। अधिकारियों के मुताबिक निर्माण कार्य को लेकर वनकर्मियों को निगरानी करने के निर्देश भी दिए है।**

दरअसल सड़क निर्माण को लेकर चोरल के जंगलों में काम किया जा रहा है, जिसमें दो स्थानों पर सुरंग बन रही है। यहां काम करने के लिए पहले वन विभाग मुख्यालय से एपीसीसीएफ एचएस मोहंता ने अक्टूबर में अनुमति दी। उस दौरान तत्कालीन डीएफओ नरेंद्र पंडवा ने चोरल को वन्यप्राणी के लिहाज से चोरल को संवेदनशील नहीं बताया। जबकि दिसंबर 2021 में इन्होंने ही जंगल में बाघ की मौजूदगी बताई थी।

काफी विरोध के बाद विभाग ने अनुमति आगे नहीं बढ़ाई। बावजूद इसके एजेंसी मेघा कंस्ट्रक्शन ने नियमों का उल्लंघन कर काम किया। दिसंबर एपीसीसीएफ मोहंता ने निरीक्षण किया। बाद में एनएचएआइ की तरफ से चार स्थानों पर रात में काम करने की इच्छा जताई, लेकिन सिर्फ दो स्थानों पर काम करने की अनुमति दी। दोनों स्थानों पर मिलकर एनएचएआइ सिर्फ 5.3 किमी हिस्से में काम कर सकता है। 23 दिसंबर को विभाग ने रात में काम करने की छूट दी।

यह अनुमति तीन महीने तक दी। प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुमेश बांझल का कहा कि सुरंग के भीतर काम करने की प्राथमिकता है। धीरे-धीरे बाकी सेक्शन में भी रात में काम किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग को पहले ही आवेदन कर रखा है।

### नहीं बनाना होगा अलग रास्ता

अनुमति देने के अलावा विभाग ने कुछ शर्ते भी रखी है, जिसमें निर्माण कार्य के दौरान एजेंसी जंगल में अन्य कोई रास्ता नहीं बना सकती है। साथ ही कम से कम पेड़ काटे जाए। वन्यप्राणियों के लिए मार्ग में सबवे बनाना होगा। वनसंपदा को नुकसान नहीं पहुंचा सकते है।

## बिजली के नए कार्यों में गुणवत्ता और समय पालन का विशेष ध्यान रखे : तोमर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने गुरुवार को सांवेर एवं धरमपुरी का दौरा किया। उन्होंने आरडीएसएस के तहत हुए ग्रिड, केपेसिटर बैंक इत्यादि कार्यों का गहन निरीक्षण किया और गुणवत्ता- भुगतान की पारदर्शी प्रक्रिया का भी विस्तृत रूप से अवलोकन किया। श्री तोमर ने कहा कि बिजली के नए कार्यों में गुणवत्ता एवं समय पालन का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दिशा में जेई, एई, डीई, एसई गंभीरता से कार्य करे। गुणवत्तापूर्ण कार्यो से उपभोक्ता संतुष्टि में और भी बढ़ोत्तरी होगी, कंपनी का लॉस घटेगा। इस दौरान मुख्य अभियंता कार्य श्री एसएल करवाड़िया, इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा, कार्यपालन यंत्री श्री अभिषेक रंजन, श्री केतन रायपुरिया, श्री राजेश दुबे, श्री युगलकिशोर चौधरी, सूचना प्रौद्योगिकी टीम के सदस्य एवं वितरण केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

## भगवान राम पर अनोखी डाक प्रदर्शनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होना है जिसको लेकर पूरा देश राम मय है। प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए इंदौर जीपीओ में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से संबंधित डाक टिकट एवं विशेष आवरण प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में इंदौर के वरिष्ठ फिलेटेलिस्ट ओम प्रकाश केडिया द्वारा प्रभु श्री राम पर जारी डाक टिकट का प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शनी का शुभारंभ 16 जनवरी को शाम 5 बजे किया गया है। इंदौर जीपीओ स्थित डाक विभाग में यह प्रदर्शनी लगाई है, जिसमें भारत में पहला रामायण आधारित डाक टिकट, भगवान श्री राम का दशावतार रूप, राम-लक्ष्मण जटायु की पीड़ा आदी आकर्षण का केंद्र है। यह प्रदर्शनी 22 जनवरी तक लगी रहेगी। वहीं प्रदर्शनी देखने का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक का है। यह प्रदर्शनी पूरी तरह से निशुल्क है।

## कटाक्ष




# टिगरिया पहुंची मादा तेंदुआ

### दो शावक भी होने का संदेह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के सुपर कारिडोर स्थित साफ्टवेयर कंपनी इंफोसिस में मंगलवार को तेंदुआ होने की सूचना के बाद बुधवार को इससे लगे गांव टिगरिया के ग्रामीणों ने तेंदुआ देखने की पुष्टि की है। उधर वन विभाग ने की सर्चिंग जारी है। उसने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगा रखा था।**



डीएफओ ने बताया कि वन विभाग की टीम को टिगरिया गांव के ग्रामीणों से भी सूचना मिली थी कि उन्होंने खेत के पास एक जानवर देखा है, जो दूर से तेंदुए जैसा नजर आ रहा है। ग्रामिणों का कहना है कि सुबह 8 से नौ बजे के बीच उन्होंने उसे देखा था। वन विभाग की टीम को भी वहां कुछ जानवरों के निशान मिले हैं, लेकिन वह धुंधले हैं। यह पगमार्क तेंदुए के शावक के हो सकते हैं।

एक मादा तेंदुआ और उसके साथ दो शावक हो सकते हैं। उनका कहना है कि यह जगह बच्चों को जन्म देने के लिए उपयुक्त है, तो इसलिए मादा तेंदुआ यहां आ सकती है। हालांकि वन विभाग की टीम ने इस बात की पुष्टि नहीं की है। वह इस समय तेंदुए की सर्चिंग कर रही है।

उधर साफ्टवेयर कंपनी और टीसीएस ने तेंदुए के आने के बाद से अपने कर्मचारियों को परिसर में नहीं घूमने की हिदायत दी है। कंपनी के कुछ कर्मचारियों ने वर्क फ्राम होम की मांग की थी, तो उन्हें अनुमति दे दी गई है।











# ऐतिहासिक 'मंथरा गान' का आयोजन संपन्न हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के सभागार में एक अद्भुत व अनूठा आयोजन संपन्न हुआ । जिसे मंथरा गान के रूप में परिभाषित किया गया । हिंदी साहित्य समिति के सभागार में गत दिवस श्री सत्यनारायण सत्तन जी द्वारा रचित खंडकाव्य मंथरा के पदों का चयन कर गाया गया । आयोजन के प्रारंभ में मंच पर मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के प्रधानमंत्री श्री अरविंद जवलेकर जी व गान को स्वर देने वाले श्री पुष्पेंद्र पुष्प जी को मंचासीन कराया गया । तत्पश्चात दीप प्रज्वलंकर सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । सरस्वती वंदना शशि निगम द्वारा की गई, अतिथियों का स्वागत डॉक्टर दीप्ति गुप्ता श्री महेंद्र पालीवाल जी , श्री विनोद शर्मा द्वारा किया गया । श्री पुष्पेंद्र पुष्प का स्वागत समिति की ओर से प्रधानमंत्री श्री अरविंद जवलेकर जी द्वारा किया गया । साथ ही श्री हरे राम जी बाजपेई द्वारा मंथरा पर अपने विचार व्यक्त किया । तत्पश्चात श्री पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा अपनी ही शैली में प्रभावी आवाज में मंथरा के कुछ चुनिंदा पदों को प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के अगली कड़ी में श्री अरविंद जवलेकर जी द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए तथा श्री राजेंद्र पांडे तपन द्वारा सभी के प्रति आभार व कृतज्ञता व्यक्त की गई । कार्यक्रम का संचालन श्री एल एन उग्र द्वारा किया गया। तत्पश्चात स्वल्पाहार के साथ ही आयोजन आनंद संपन्न हुआ।

# 1500 वर्गफीट से अधिक पर सोलर पैनल अनिवार्य होंगे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्वच्छता में सात बार नंबर 1 इंदौर अब बिजली उत्पादन में भी आत्मनिर्भर बनेगा। इंदौर को सोलर सिटी बनाने के लिए ग्रीन प्लान तैयार किया गया है। अगले तीन महीने में 30 हजार रूफ टॉप पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इनमें 20 हजार घरों की छत व 10 हजार दुकानें शामिल हैं। 1500 वर्गफीट से बड़ी बिल्डिंगों पर सोलर पैनल लगाना अनिवार्य किया जाएगा। सोलर पैनल लगाने वालों को 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। प्रॉपर्टी टैक्स में भी रियायत देंगे। मंगलवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में सोलर सिटी को लेकर हुई बैठक में ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे ने कहा इंदौर को अब नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ाना है। अध्यक्षता कर रहे महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा 85 वार्डों, तालाबों के किनारे, प्रधानमंत्री आवास योजना की बहुमंजिला इमारतों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। शहरी सीमा के 29 गांवों में हाईमास्ट सौर ऊर्जा से चलाएंगे। सब्सिडी की राशि 7 दिन में लोगों के खाते में पहुंचेगी। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने कहा 25 हजार उपभोक्ता को रूफ टॉप सोलर नेट मीटर योजना से अगले तीन माह में जोड़ने के लिए अभियान संचालित करेंगे। संभागायुक्त माल सिंह, निगमायुक्त हर्षिका सिंह आदि मौजूद थे।

## 11 माह में 25 से 30 हजार छतों पर सोलर पैनल

प्रमुख सचिव संजय दुबे ने कहा कि अगले 11 महीनों में शहर की 25 से 30 हजार छतों पर सोलर पैनल लगे हुए नजर आएंगे। पैनल लगाने वाले वेंडर को पूरी राशि चुकाएं। उनके खाते में तय सब्सिडी की राशि मात्र सात दिन में पहुंच जाएगी। दुबे ने कहा कि हम सिर्फ सोलर ऊर्जा पर ही नहीं बल्कि पवन ऊर्जा पर भी काम करेंगे। हमने शहर के हर नागरिक, व्यावसायिक संस्थान से अपील की है कि वे सौर ऊर्जा का उपयोग करें। इससे पर्यावरण की रक्षा भी होती है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए शासन सोलर पैनल पर दी जाने वाली सब्सिडी बढ़ाने जा रहा है। जितना खर्च सोलर पैनल लगाने में आता है, उतनी बचत पांच वर्ष में हो जाती है। इसके बाद अगले 20 वर्ष तक बिजली के खर्च से मुक्ति मिल जाती है। हम चाहते हैं कि इंदौर देश का ऐसा पहला शहर बने जिसके बारे में लोग कहें कि यह ऐसा शहर है जो सर्वाधिक स्वच्छ भी है और सर्वाधिक सोलर पैनल वाला भी।

## नगर निगम ने तैयार की है कार्ययोजना

महापौर ने कहा कि इंदौर सोलर सिटी बने, इसे लेकर हम प्रतिबद्ध है। हमने पूर्व में ही इसकी घोषणा भी की है। हमने इसके लिए एक कार्ययोजना तैयार कर ली है। इंदौर में अधिक से अधिक सौर ऊर्जा का प्रयोग बढ़े इसके लिए लक्ष्य तय किए गए हैं। इंदौरियों की आदत है कि जो ठान लेते हैं उस लक्ष्य को हासिल कर ही लेते हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि हम अपने लक्ष्य को तय समय से पहले ही हासिल कर लेंगे। सभी 85 वार्डों, 22 जोन, तालाबों के किनारे, प्रधानमंत्री आवास योजना की बहुमंजिला इमारतों की विशाल छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाए जाएंगे। महापौर ने कहा कि शहर सीमा में आने वाले 29 गांवों वाले क्षेत्रों में हाईमास्ट सौर ऊर्जा से चलेंगे। कचरा गाड़ियों से भी सोलर सिटी के लिए आगे आने हेतु गीत, नारों का प्रसारण घर-घर तक किया जाएगा।

# निजी कंपनी के अफसर के यहां चोरी, सिकलीगर ओर सुनार पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पलासिया इलाके में हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने एक सिकलीगर और सुनार को पकड़ा है। सिकलीगर ने अपने साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पलासिया पुलिस के मुताबिक कुंदन सिंह सिकलीगर निवासी 761 आकाश नगर द्वारकापुरी इन्दौर को गिरफ्त में लिया गया, जिसने पूछताछ में अपने साथी समित सिकलीगर के साथ मिलकर पलासिया इलाके में निजी कंपनी के अफसर के यहां चोरी की। आरोपियों ने चोरी के जेवर हेमेन्द्र पांडे निवासी द्वारकापुरी को बेच दिए। सुनार को भी गिरफ्त में लेकर 104 ग्राम सोने का बिस्किट व सोने की अंगूठी को जब्त किया गया । वही कुछ नकदी कुंदन के पास भी मिले। पुलिस ने अभी तक आरोपी से करीब 8 लाख का सोना जब्त किया है।

# सीएम के रोड शो में कटी जेब भीड़ का फायदा लेकर भागे बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के रोड शो में जाना युवक को भारी पड़ गया। अज्ञात बदमाश ने युवक की जेब से 48 हजार रुपए गायब कर दिए। भीड़ का फायदा लेकर बदमाश भागने में सफल हो गया। फरियादी गौरव तरानेकर निवासी वैशाली नगर ने बताया कि मुख्यमंत्री के रोड शो में स्वागत के लिए मल्हारगंज के समीप आर्य समाज मंदिर के सामने मंच लगाया गया था। यह मंच महापौर पुष्यमित्र भार्गव मित्र मंडल के तत्वावधान में लगा था, जिसमें कई लोग खड़े थे। शाम 5.30 बजे रोड शो का काफिला जैसे ही उक्त मंच तक पहुंचा। दो-तीन संदिग्ध मंच पर चढ़ गए और मौका देखते ही जेब से रुपए निकाल लिए। इस दौरान मंचासीन कार्यकतार्ओं ने एक संदिग्ध को पकड़ लिया था, लेकिन संदिग्ध के पास पैसे नहीं मिले। रोड शो में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल भी तैनात था, इसके बावजूद बदमाश रुपए लेकर चंपत हो गए। आरोप है उसने दूसरे साथी को पैसे थमा दिए। इसके बाद फरियादी ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ मल्हारगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

# महिलाओं की पहली पसंद बनी श्रीराम मंदिर प्रिंट और श्रीराम लिखी साड़ियां

## डिमांड इतनी कि हाथों हाथ बिक रही हैं साड़ियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। अयोध्या में बन रहे भगवान श्री राम के भव्य राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उत्साह पूरे देश में चरम पर है। ऐसे में प्रभु श्री राम के भक्त अनोखे अंदाज में इस समारोह को मनाने की तैयारी कर रहे हैं। शहर में साड़ी की दुकानों पर अयोध्या मंदिर प्रिंट और श्रीराम लिखी साड़ियां खरीदने की होड़ लगी है। महिलाएं जमकर साड़ियों की खरीदारी कर रही हैं। खंडवा में भी 22 जनवरी को श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दीपावली की तरह मानने की तैयारियां की जा रही है। इसके लिए यहां के बाजारों में विशेष रूप से अयोध्या के भव्य राम मंदिर के प्रिंट वाली साड़ियों की बिक्री भी बढ़ गई है। डिमांड भी इतनी है कि स्टाक हाथों हाथ बिक जा रहा है।**

अयोध्या के 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह होना है। इस समारोह को लेकर देश भर में उत्साह का माहौल है। हर कोई अपने अपने तरीके से भगवान श्रीराम के वापस अयोध्या में लौटने को दीपावली की तरह मनाने को आतुर है। ऐसे में अब खंडवा की महिलाएं भी किसी से पीछे नहीं है। यहां पुरुषों की जय श्री राम लिखी टी शर्ट के बाद अब अयोध्या प्रिंट में महिलाओं की साड़ी का क्रेज बढ़ गया है। जिसके बाद बड़ी संख्या में महिलाएं अयोध्या प्रिंट की साड़ी ले रही है। भगवान राम के बन रहे भव्य मंदिर की प्रिंट वाली साड़ियों की डिमांड इतनी है, कि व्यापारी साड़ियां लाते है और ये साड़ियां तुरंत बिकती जा रही हैं और अभी साड़ियों की भारी डिमांड के चलते शहर की दुकानों पर साड़ियों का स्टॉक तक लगभग खत्म हो चुका है। इधर इस तरह की साड़ियां बेचने वाले खंडवा के एक साड़ी व्यापारी वैभव शादिजा ने बताया कि अयोध्या में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर महिलाओं में गजब का उत्साह है। जो भी महिलाएं आती हैं, सबसे पहले वह इसी साड़ी की मांग करती हैं। स्टॉक खत्म हो गया है।



सोनल मेहता का कहती है कि वह मार्केट में निकली तो यह साड़ी दिखाई दी। बहुत पसंद आ रही है। इस अयोध्या प्रिंट वाली साड़ियों की डिमांड सबसे ज्यादा है। मार्केट में अभी इस प्रिंट की साड़ी का शॉर्टेज बना हुआ है। हमने जो साड़ियां बुलाई हैं उसमें जय श्री राम लिखा होने के साथ ही भगवान श्री राम के मंदिर का प्रिंट बना है, जिसकी कस्टमर काफी डिमांड कर रहे हैं। वहीं अयोध्या प्रिंट की साड़ी खरीद रही महिला रेखा पटेल का कहना है, कि देशभर के लिए प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा होना खुशी की बात है। इसीलिए हम भी अयोध्या प्रिंट की साड़ी लेने के लिए यहां आए हुए हैं। बता दें, कि खंडवा में अयोध्या प्रिंट की साड़ियां बड़ी संख्या में लोग खरीद रहे है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि 22 तारीख को दीपावली जैसा माहौल बनने वाला है।

# पत्नी के वियोग में इतनी पी शराब, हो गई मौत

## गांगीवाड़ा के पास युवक बेसुध हालत में मिला था, अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** गांगीवाड़ा के पास अत्याधिक शराब पीकर बेसुध अवस्था में मिले युवक की पिछले दिनों अस्पताल में मौत हो गई थी, इस मामले को लेकर आज देहात थाना पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त रमेश गज्जाम के रूप में हुई है। यह युवक चांद के लालगांव मे रहता था, वहीं इसकी पत्नी कुछ दिन पहले इसे छोडकर चली गई थी जिसके बाद वह अक्सर शराब के नशे में ही रहता था, वहीं अपनी जीविका चलाने के लिए रमेश एक मैरिज लॉन में काम किया करता था।

एक माह पूर्व से वो अपनी बहन के घर से छिंदवाड़ा आया था ओर तब से अत्याधिक शराब का सेवन करने लगा था। पुलिस की माने तो रमेश की पत्नी उसे शादी के एक सप्ताह बाद ही छोड़ गई थी, ऐसे में उसने शराब का ऐसा साथ पकड़ा कि अब उसकी मौत के बाद ही शराब उससे छूटी।

देहात टीआई जीएस उइके ने पुलिस ने बताया कि चांद के लालगांव निवासी 45 वर्षीय रमेश पिता सूरजलाल गज्जाम नामक युवक वर्तमान में एक मैरिज लॉन में काम करता था, वो बडकुही में अपनी बहन, मां और भांजे के साथ रहता था। रमेश के भांजे के अनुसार शादी के एक सप्ताह बाद ही मामी उसके मामा रमेश को छोड़कर चली गई थी, इसके बाद मामा शराब का सेवन करने लगे थे। पुलिस के अनुसार बीते दिन रमेश गांगीवाड़ा के समीप अत्याधिक शराब के नशे में मिला, जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम करा लिया है जबकि प्रकरण में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### पत्नी के वियोग में शराब पीना पड़ गया भारी

उसके पारिवारिक सूत्रों की माने तो लंबे समय से वह पत्नी के वियोग के कारण परेशान था, पत्नी के बिछड़ने के कारण वह इस कदर शराब पीता था कि शराब का आदि हो गया था, वहीं गांगीवाड़ा में वह बेसुध अवस्था में मिला था जिसके बाद जब उसे अस्पताल लाया गया तो उसकी मौत हो चुकी थी, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बागेश्वर वाले धीरेंद्र शास्त्री बोले- भारत में फिर रामराज्य आया

**गौरखपुर**। बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री राम कथा सुनाने गोरखपुर पहुंचे हैं। बड़लहलगंज में अगले 3 दिन तक धीरेंद्र शास्त्री रामकथा कहेंगे। बुधवार को कथा सुनने के लिए 2 लाख लोग पहुंचे हैं। गुरुवार को दिव्य दरबार लगेगा। अर्जियों पर धीरेंद्र शास्त्री लोगों से बात करेंगे। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, जिस राज्य में भय भूख से मुक्ति मिले वह रामराज्य है। जो सत्ता का भूखा होगा, वह राजा नहीं हो सकता। वह स्वार्थी होगा। सेवा का भूखा ही राजा हो सकता है। रामजी सेवा के भूखे थे। जो प्रजा से सेवा कराए, वह राजा नहीं, जो प्रजा की सेवा करे वह राजा है। उन्होंने कहा, जातिवाद से ऊपर उठकर हिंदू को एक होना होगा, तभी भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। रामजी वनवास से लौट कर आए हैं, अयोध्या उल्लास से भर गया है। वे अनंत रूप धारण कर सबको गले लगाते हैं। रामराज्य का समय आता है तो राम ने सबसे पहले अवधपुरी का जिक्र किया।

# फिल्मी स्टाइल में कॉलेज छात्रा का अपहरण

## एग्जाम के बाद वैन से आए युवकों ने गाड़ी में खींचा, बचाने आई सहेलियों को धक्का देकर भागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार**। इंदौर नाका स्थित पीजी कॉलेज के सामने से बुधवार शाम एग्जाम देने आई एक छात्रा का अपहरण हो गया है। 5 से 6 युवक इको कार से आए और गेट खोलकर सहेलियों के साथ पैदल जा रही छात्रा को फिल्मी अंदाज में अंदर खींच लिया। साथ में चल रहीं दो सहेलियां ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें धक्का देकर अपहरणकतार्ओं ने गाड़ी का गेट बंद उसे तेजी से दौड़ा दिया। कुछ देर लड़की ने उसने संघर्ष किया, जिसमें उनकी चूड़ियां भी टूट गईं। उन्होंने पहले वैन का पीछा किया, बाद में लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी।

छात्रा की सहेली रोशनी ने बताया कि हम तीन फ्रेंड साथ में जा रहे थे। एक वैन आई और उसमें से कुछ युवकों ने गेट खोला और उसे उठाकर ले गए। वैन में 5-6 लोग आए थे। हमने सहेली को बचाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमारा हाथ छटक दिया। हमने जयपुरा तक उसका पीछा किया, लेकिन गाड़ी नहीं दिखी। गाड़ी इंदौर नाके की ओर से आई थी। उसे बैठाकर वे इंदौर की ओर गए हैं। युवकों के चेहरे खुले हुए थे, लेकिन उनमें से हम किसी को नहीं पहचान रहे थे। धार में उमरबन क्षेत्र के ग्राम करोंदिया की रहने वाली छात्रा ललिता बुंदेला पिछले कुछ समय से इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रही है। एमए थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा अभी चल रही है। बुधवार दोपहर वह पेपर देने इंदौर से धार आई थी। शाम को एग्जाम खत्म होने के बाद वह रोशनी और एक अन्य सहेली के साथ पैदल जा रही थी।



इंदौर रोड पर खड़ी वैन में आए अपहरणकर्ताओं ने रोड के किनारे आकर गाड़ी रोकी और ललिता का अपहरण कर लिया। मौके पर मौजूद चश्मदीद रोशनी कनेल के अनुसार परीक्षा में पूछे गए सवालों को लेकर बातचीत करते हुए हम तीन फ्रेंड साथ में जा रहे थे। एक वैन आई और उसमें से कुछ युवकों ने गेट खोला और उसे उठाकर ले गए। वैन में 5-6 लोग आए थे। हमने सहेली को बचाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमारा हाथ छटक दिया। हमने जयपुरा तक उसका पीछा किया, लेकिन गाड़ी नहीं दिखी। गाड़ी इंदौर नाके की ओर से आई थी। उसे बैठाकर वे इंदौर की ओर गए हैं। युवकों के चेहरे खुले हुए थे, लेकिन उनमें से हम किसी को नहीं पहचान रहे थे।

### इंदौर की और भागे

सूचना पर सीएसपी रविंद्र वास्कले, थाना प्रभारी सविता चौधरी मौके पर पहुंचे। छात्राओं से पूरा घटनाक्रम समझा, युवतियों के अनुसार इको कार इंदौर की और गई है। ऐसे में इस रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे अब खंगाले जा रहे हैं। अब तक कार की पहचान नहीं हो पाई है। साथ ही नौगांव पुलिस ने पीथमपुर से लेकर बेटमा थाना क्षेत्रों की पुलिस को भी अपहरण को लेकर सूचना दी है। आसपास के थाना क्षेत्रों में भी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी सविता चौधरी के अनुसार सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। युवती की तलाश की जा रही है। पुलिस की अलग-अलग टीमें पूरे क्षेत्र में सर्चिंग कर रही हैं।

## शौर्य की मौत के बाद गौरव चीता बेचैन

# नामीबिया से दोनों भाइयों को लाया था कुनो, डीएफओ बोले- गौरव फिलहाल अकेला पड़ गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर**। बीते मंगलवार को कुनो नेशनल पार्क के बड़े बाड़े में जिस शौर्य चीते की मौत हो गई। शौर्य की मौत के बाद उसका सगा भाई गौरव चीता बेहद बेचैन नजर आ रहा है। गौरव चीता पूरी तरह से स्वस्थ है, फिर भी वन विभाग का अमला उस पर नजर बनाए हुए है। इसके पीछे की यही वजह है कि दोनों सगे भाई होने के साथ गौरव और शौर्य चीता एक दूसरे से कभी अलग नहीं रहे।

नामीबिया में एक साथ रहने के बाद इन दोनों चीतों को कूनो लाया गया था। इसके बाद कूनो में भी दोनों साथ ही रहे। दोनों चीतों के बीच इतना ज्यादा लगाव था कि साथ रहने से लेकर शिकार करना, खाना पीना भी एक साथ करते थे।

शौर्य की मौत अचानक हो जाने के बाद गौरव अकेला पड़ गया है। इसे देखकर ऐसा लग रहा है मानो वह शौर्य को बहुत याद कर रहा हो। इस वजह से वन अमला भी बेहद सतर्क है, क्योंकि कई बार इंसानों की तरह जानवर भी ऐसे हालातों में खाना पीना छोड़ देते हैं।

गौरव और शौर्य नाम के यह दोनों चीते एक साथ रहते थे। दोनों के बीच इतना ज्यादा प्रेम था कि वह किसी दूसरे मादा चीते का भी दखल बर्दाश्त नहीं करते थे। पिछले महीनों दोनों मिलकर एक मादा चीता और अग्नि वायु नाम के नर चीतों से भिड़ गए थे।

**मौत के कारणों का पा पता नहीं चला-** शौर्य की मौत हो जाने के बाद कूनो के वन अमले की चिंता भी बढ़ गई है। बुधवार को 24 घंटे का समय बीत जाने के बाद भी यह पता नहीं लग पाया है कि शौर्य की मौत किन कारणों के चलते हुई है? क्योंकि शौर्य के शरीर पर घाव या चोट का एक निशान तक नहीं है। नहीं वह बीमार था। साथ ही दोनों बाड़े में थे जहां वन अमला दिन-रात निगरानी रखता है।

## Manipur

# मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा, उपद्रवियों के हमले में दो पुलिस कमांडो समेत तीन की मौत, सरकार ने गृह मंत्रालय को लिखी चिट्ठी

**इंफाल, (एजेंसी)** मणिपुर में बीते साल मई महीने से जल रहा है. यहां कुकी और मैतेई समुदाय के बीच तनाव है. हिंसा को रोकने के लिए जगह-जगह सुरक्षाबलों की चौकी बनाई गई हैं, लेकिन अब उपद्रवी सुरक्षाबलों को ही निशाना बना रहे हैं. बीते बुधवार को टेंगनौपाल जिले के मोरेह में उपद्रवियों ने पुलिस चौकी पर हमला कर दिया, जिसमें अबतक दो सुरक्षाकर्मियों समेत तीन लोगों की मौत हो गई. इसके अलावा दो अन्य सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हैं.

सुरक्षा चौकी पर ये हमला मणिपुर पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम द्वारा दो दिन पहले लिए गए एक एक्शन के बाद हुआ है, जिसमें कुकी समुदाय के



उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया गया था. गिरफ्तार किए गए लोगों में एक शख्स फिलिप खोंगसाई था, जो बीते साल नवंबर में एक पुलिस अधिकारी आनंद चोंगथम की हत्या का मुख्य आरोपी था. आनंद की पिछले साल एक नवंबर को स्नाइपर की गोली से मौत हो गई थी, जब वह हेलीपैड के निर्माण के लिए मोरेह में जमीन की सफाई की निगरानी कर रहे थे. मोरेह में बुधवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे हुए इस हमले में दो पुलिस कमांडो की मौत हो गई. 6वीं मणिपुर राइफल्स के जवान वांगखेम सोमरजीत और तखेल्लंबम शैलेश की गोली लगने से मौत हो गई. इस हमले में सिद्धार्थ थोकचोइम (ASI) और कांस्टेबल भीम सिंह और 5वीं मणिपुर राइफल्स के एक राइफलमैन थोकचिओम नाओबिचा घायल हो गए. वहीं इसमें शहीद हुए सैनिकों को वायुसेना के हेलीकॉप्टर द्वारा लाया गया.

## New Delhi

# बर्फीली हवा के साथ सताएगी सर्दी, दिल्ली में यलो अलर्ट; कई उड़ानें प्रभावित, 18 ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में मौसम विभाग की ओर से ठंड को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। आज पारा गिरेगा और कोहरे के कारण भी परेशानी होगी। इस बीच कोहरे के कारण कम दृश्यता के चलते आईजीआई हवाईअड्डे पर कई उड़ानों के संचालन में देरी हुई है। कुछ उड़ानें रद्द भी हो गई हैं जिससे एयरपोर्ट पर यात्री हैरान-परेशान हैं। घने कोहरे के कारण देश के विभिन्न हिस्सों से दिल्ली आने वाली 18 ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

प्रादेशिक मौसम विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को पारा लुढ़केगा इस दौरान 5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं, आसमान साफ रहेगा और सुबह से समय हल्के से मध्यम स्तर पर कोहरा छाए रहने की आशंका है। वहीं, मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान धूप नहीं खिलेगी।

बुधवार को रिज में न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, यह अन्य इलाकों से सबसे ठंडा दर्ज किया गया। वहीं, आया नगर में 5.4, पालम में 5.5 व लोधी रोड में 5.8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, पीतमपुरा में 19.1, आया नगर में 18.8, रिज में 18.3 और पूसा में 18.0 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। ऐसे में दोपहर में भी ठंड का अहसास बढ़ गया है।

बुधवार को तापमान- अधिकतम-18.2 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम-5.7 डिग्री सेल्सियस,

आने वाले दो दिन का तापमान जाने की संभावना- बृहस्पतिवार को तापमान, अधिकतम- 18 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम-5 डिग्री सेल्सियस

शुक्रवार को तापमान- अधिकतम-19 डिग्री सेल्सियस,न्यूनतम-6 डिग्री सेल्सियस

## Uttarakhand

# बिजली विभाग के इंजीनियर को मिला धमकी भरा खत, मांगी 50 लाख की फिरौती

**उधम सिंह नगर, (एजेंसी) उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के काशीपुर विद्युत विभाग के कार्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अजीत कुमार यादव को जान से मारने की धमकी भरा खत भेजा गया था. इसमें लिखा था कि 50 लाख की फिरौती न देने पर उसकी हत्या कर दी जाएगी. धमकी भरा खत डाक के द्वारा भेजा गया था. अज्ञात आरोपी की तरफ से भेजे गए इस पत्र के बाद अधिशासी अभियंता अजीत कुमार यादव डर गया.**

उसने तुरंत ही पुलिस को मामले की सूचना दी. पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए धमकी देने वाले युवक का पता खोज निकाला. इसके साथ ही आरोपी को हिरासत में ले लिया. हालांकि, इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद मामूली कार्यवाही करते हुए कोतवाली से ही उसे जमानत पर छोड़ दिया गया.

## Bihar

# जो उखाड़ना है, उखाड़ लेना; बिहार में RJD नेता के बेटे ने अफसर को पीटा, दिल्ली रेफर

**पटना, (एजेंसी)** बिहार के पटना जिले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता के बेटे की गुंडई सामने आई है। रुपसपुर इलाके के गोला रोड पर डोभी के नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह के साथ बुरी तरह मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। इलाज के लिए उन्हें पटना के नेहरू पथ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर देख रेफर कर दिया। बुधवार की शाम तेजस से उन्हें दिल्ली ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जानकारी ली। आरोपी ने अपने राजनेता पिता का धौंस जमाते हुए पदाधिकारी को यह भी कहा कि जो उखाड़ना है, उखाड़ लेना।

गोपालगंज के रहने वाले अरविंद कुमार सिंह डोभी के नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी हैं। मंगलवार रात 9.20 बजे वह स्कार्पियो से गोला रोड से बोरिंग रोड की ओर जा रहे थे। तभी एक युवक स्कार्पियो को आगे से रोक दिया और गाड़ी का चाबी मांगने लगा। इसे देख वे आगे से हटने के लिए कहने लगे। इसी बात पर वह आक्रोशित हो गया और उनपर रॉड से हमला कर दिया। इसमें उनकी आंख और सिर में काफी चोटें आईं। बाद में गाड़ी में मौजूद युवक और चालक उसे अस्पताल ले गए।

पीड़ित के चचेरे भाई विजय कुमार सिंह ने बताया कि आरजेडी नेता नागेंद्र यादव के बेटे तनुज यादव और नयन यादव ने पदाधिकारी से मारपीट की। उन्होंने धमकी दी कि वह नागेंद्र यादव का बेटा है, जो उखाड़ना है उखाड़ लेना। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन उस समय पुलिस नहीं आयी। बाद में दारोगा बयान लेने के लिए आए थे।

## खेल

# रोहित शर्मा ने ठोका छक्कों का तिहरा शतक, बने दुनिया के पहले बल्लेबाज और भी कई रिकॉर्ड किए अपने नाम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज में रोहित शर्मा की वापसी हुई। 14 महीनों के बाद भारत के लिए टी20 मैच खेलने उतरे रोहित शर्मा पहले दो मैचों में खाता तक नहीं खोल पाए, लेकिन तीसरे मैच में रोहित शर्मा ने बेंगलुरु में बल्ले से सुनामी लाने का काम किया। इस दौरान कई रिकॉर्ड और विश्व रिकॉर्ड रोहित शर्मा ने एक बल्लेबाज और एक कप्तान के तौर पर बनाए। उन्हीं के बारे में यहां जान लीजिए।

रोहित शर्मा दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में एक देश में छक्कों के मामले में तिहरा शतक जड़ने का काम किया। रोहित शर्मा ने भारत में तीनों फॉर्मेट के अंतरराष्ट्रीय मैचों में 301 छक्के जड़े हैं। वे ऐसा करने वाले



एकमात्र बल्लेबाज हैं। उनके बाद दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल का नाम है। उन्होंने 256 छक्के अपने देश में जड़े हैं। तीसरे नंबर 230 छक्कों के साथ ब्रेंडन मैकुलम हैं।

इसके अलावा रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज भी बने। रोहित ने पांचवां शतक T20I क्रिकेट में जड़ा। उनके अलावा अन्य सभी बल्लेबाजों ने 4 या इससे कम शतक जड़े हैं। इनमें ग्लेन मैक्सवेल का नाम भी शामिल है।

रोहित शर्मा भारत के लिए सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल मैच जीतने वाले कप्तान बने। हालांकि, ये रिकॉर्ड अभी भी संयुक्त रूप से एमएस धोनी के नाम है, जिन्होंने 42 मुकाबले देश को जिताए हैं। इतने ही मैचों में रोहित ने भी टीम को जीत दिलाई है।

हिटमैन रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली को पीछे छोड़ा है। विराट ने 1570 रन बनाए थे, जबकि रोहित के रनों की संख्या 1648 हो गई है। रोहित शर्मा ने बतौर भारतीय कप्तान टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। इस मामले में भी रोहित शर्मा ने विराट कोहली की बराबरी (13 बार) की है।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इसके साथ-साथ रोहित शर्मा भारत के लिए T20I में बतौर कप्तान सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बने हैं।

## सिनेमा

# एक्ट्रेसेस की उम्र को लेकर सवाल करने पर रवीना टंडन बोलीं- मुझे, माधुरी को क्यों करते टारगेट



रवीना टंडन इन दिनों अपने शो कर्मा कॉलिंग को लेकर छाई हुई हैं। वह शो का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं। अब हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रवीना ने इंडस्ट्री के कुछ अहम मुद्दों पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे आज के समय में सिर्फ एक्ट्रेसेस की उम्र को लेकर सवाल करते हैं। वहीं हीरो की उम्र को लेकर कोई नहीं पूछता है। इसके अलावा उन्होंने जेंडर पे मुद्दे पर भी अपनी राय दी। रवीना से जब पूछा गया कि एक चीज जो उनके समय की एक्ट्रेसेस के दौरान था और वो आज कम दिखता हो तो इस पर रवीना ने कहा, 'यह बिल्कुल गलत है कि आपके साथ काम करने वाली एक्ट्रेसेस कभी आपकी दोस्त नहीं हो सकतीं। मेरी कई को स्टार्स मेरी दोस्त हैं और आज भी हम एक-दूसरे के सपोर्ट में खड़े रहते हैं।' जेंडर पे पर रवीना ने कहा, 'अब समय आ गया है कि हम जेंडर पे की समस्या का जल्द समाधान निकालें। इसके अलावा उम्र को लेकर जो डिस्कशन होता है वो मुझे अजीब लगता है। मीडिया में इस बारे में काफी डिस्कशन किया जाता है शायद इंडस्ट्री में इस बारे में बंद दरवाजों के पीछे बोत होती हो, लेकिन यह मीडिया में तो जरूर है।'वहीं एक्ट्रेस की उम्र को लेकर रवीना बोलीं, 'मुझे ये कम्पैरिजन काफी अजीब लगते हैं। लोग वही बात हीरो के लिए नहीं बोलते हैं, लेकिन एक्ट्रेस पर जरूर पॉइंट आउट करेंगे।

# संपादकीय

## बढ़ गई परेशानी

इस वर्ष सर्दी का बदला मिजाज इसलिए भी चिंता का विषय है कि एक तरफ तो उन इलाकों में भी पारा शून्य से नीचे उतर जाने से परेशानी बढ़ गई है, जहां पहले इतनी ठंड नहीं पड़ा करती थी, वहीं पहाड़ों पर औसत से कम बर्फबारी दर्ज हो रही है। इसके पीछे बारिश कम होना बड़ा कारण बताया जा रहा है। पहाड़ों पर कम बर्फ गिरने से पारंपरिक जल स्रोतों, झीलों, तालाबों आदि में कम जल संचय हो पाएगा। इन दिनों पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली में औसत से नीचे तापमान रहा, तो पंजाब और राजस्थान में कई जगहों पर पारा शून्य से नीचे पहुंच गया। घने कोहरे की वजह से रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग का आकलन है कि अभी कुछ दिन और शीतलहर का प्रकोप बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से लोगों की परेशानियां अभी और बढने की संभावना है। हालांकि ऋतुचक्र के हिसाब से सर्दी का मौसम हर वर्ष आता है, मगर इसके मिजाज में आए बदलाव की वजह से परेशानियां अधिक बढ़ रही हैं। सर्दी के मौसम की अवधि औसत से कम दिन की हो रही है, मगर थोड़ी अवधि में तापमान अचानक नीचे गिरने से मानव शरीर के लिए सहन कर पाना मुश्किल हो रहा है। इस बार अलनीनो प्रभाव के कारण बहुत सारी जगहों पर सूखी ठंड पड़ रही है। यानी हवा में अपेक्षित नमी नहीं है। इसका फसलों और बागवानी पर प्रतिकूल असर पडने की संभावना है। सूखी और तेज सर्दी मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। दिल्ली समेत सभी महानगरों में इन दिनों वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ दर्ज हो रहा है, जिसके चलते सर्दी, खांसी, जुकाम जैसी परेशानियां बढ़ रही हैं। सम के मिजाज में बदलाव की बड़ी वजह जलवायु परिवर्तन है। अभी सर्दी का प्रकोप लोगों के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है और फिर थोड़े दिन बाद ही गर्मी बढनी शुरू होगी, तो उसे झेलना मुश्किल हो जाएगा। पिछले कुछ वर्षों से न केवल गर्मी की अवधि बढ़ी है, बल्कि इसकी तीव्रता भी सहनशक्ति के पार जा रही है। यही वजह है कि हर वर्ष गर्मी में तेज लू चलने के कारण लोगों की मौत के आंकड़े बढ़ रहे हैं। पिछली गर्मी में उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में लू की चपेट में आकर सौ से अधिक लोगों के मरने के आंकड़े दर्ज हुए। यही हाल बरसात का भी है। बरसात की अवधि घट गई है और बरसने वाली बूंदों का आकार बढ़ गया है। इससे कम समय में हुई बारिश में भी जगह-जगह बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। मगर कई इलाके बरसात का इंतजार करते रह जाते हैं। उन्हें सूखे की मार झेलनी पड़ती है। इस वजह से अन्न और फल-सब्जियों के उत्पादन पर बुरा असर पडने लगा है, जो खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक स्थिति माना जा रहा है।

**अर्ज़ किया है..!**

*हज़ार बार जो माँगा करो*
*तो क्या हासिल*
*दुआ वही है जो दिल से*
*कभी निकलती है*

*-दाग़ देहलवी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## जीवन एक यात्रा है, इसे अपने मन की नगरी में समाप्त करने की कोशिश करें...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### धर्म-कर्म

# कैसे किसी भी धार्मिक स्थल से अलग अयोध्या का भव्य राम मंदिर

अयोध्या में 22 जनवरी को राममंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इससे पहले राममंदिर का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समरोहा में खुद पीएम मोदी के आने के कारण तैयारियों को भव्य रूप दिया जा रहा है। देश भर के प्रतिष्ठित लोगों को 22 जनवरी को अयोध्या आने और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया है। वीवीआईपी के आगमन के कारण उस दिन 50 से ज्यादा चापर और 100 से ज्यादा विमान यहां पहुंचने की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए तैयारियां की जा रही हैं। आम लोगों को परेशानी न हो इसलिए उन्हें 22 जनवरी को अयोध्या नहीं आने की अपील की गई है। राममंदिर ट्रस्ट सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। सीएम योगी के साथ ट्रस्ट के पदाधिकारियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों की लगातार वर्चुअल बैठक भी हो रही है। छोटी-छोटी बातों का भी ध्यान रखा जा रहा है। इस बीच मंदिर ट्रस्ट ने यहां की खास तस्वीरें जारी की हैं और फोटो के माध्यम से यह बताने की कोशिश की है कि राम मंदिर में क्या तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। ट्रस्ट ने मंदिर की खास विशेषताओं के बारे में बताया है।

## सिंहद्वार पर हनुमान जी, गरुण देव स्थापित

सिंहद्वार के निकट अपर प्लिंथ के ऊपर दक्षिण में गरुण देव व उत्तर दिशा में हनुमान जी महाराज की आदमकद मूर्ति स्थापित कर दी गई है। मंदिर के पूर्वी द्वार के सामने की सीढ़ियों पर गज और सिंह की भी स्थापना की गई है। यह गंज व सिंह सीढ़ियों के दोनों ओर स्थापित है। पिंक सैंड स्टोन से निर्मित इन मूर्तियों की लंबाई चौड़ाई भी खासी है और यह बहुत आकर्षक दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह से राम मंदिर में प्रवेश के द्वार जो परकोटे का हिस्सा में आइकोनोग्राफी से मूर्तियों को भी उत्कीर्ण करने का काम अंतिम दौर में है। मंदिर के पूर्वी द्वार के सामने की सीढ़ियों पर गज व सिंह की स्थापना की गई है। ये सीढ़ियों के दोनों बाजुओं में स्थापित हैं। पिंक सैंड स्टोन से निर्मित इन मूर्तियों की लंबाई चौड़ाई खासी है और यह बहुत आकर्षक दिखाई दे रहे हैं। आइए जानें क्या है राममंदिर की खास विशेषताएं जो इसे दुनिया के दूसरे धार्मिक स्थलों से अलग करती हैं।



## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की विशेषताएं

1. मंदिर परम्परागत नागर शैली में बनाया जा रहा है।
2. मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट तथा ऊंचाई 161 फीट रहेगी।
3. मंदिर तीन मंजिला रहेगा। प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट रहेगी। मंदिर में कुल 392 खंभे व 44 द्वार होंगे।
4. मुख्य गर्भगृह में प्रभु श्रीराम का बालरूप (श्रीरामलला सरकार का विग्रह), तथा प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा।
5. मंदिर में 5 मंडप होंगे: नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप व कीर्तन मंडप
6. खंभों व दीवारों में देवी देवता तथा देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी जा रही हैं।
7. मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से, 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा।
8. दिव्यांगजन एवं वृद्धों के लिए मंदिर में रैम्प व लिफ्ट की व्यवस्था रहेगी।
9. मंदिर के चारों ओर चारों ओर आयताकार परकोटा रहेगा। चारों दिशाओं में इसकी कुल लंबाई 732 मीटर तथा चौड़ाई 14 फीट होगी।
10. परकोटा के चारों कोनों पर सूर्यदेव, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव को समर्पित चार मंदिरों का निर्माण होगा। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा, व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर रहेगा।
11. मंदिर के समीप पौराणिक काल का सीताकूप विद्यमान रहेगा।
12. मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर- महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व ऋषिपत्नी देवी अहिल्या को समर्पित होंगे।
13. दक्षिण पश्चिमी भाग में नवरत्न कुबेर टीला पर भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है एवं तथा वहां जटायु प्रतिमा की स्थापना की गई है।
14. मंदिर में लोहे का प्रयोग नहीं होगा। धरती के ऊपर बिलकुल भी कंक्रीट नहीं है।
15. मंदिर के नीचे 14 मीटर मोटी रोलर कॉम्पेक्टेड कंक्रीट (RCC) बिछाई गई है। इसे कृत्रिम चट्टान का रूप दिया गया है।
16. मंदिर को धरती की नमी से बचाने के लिए 21 फीट ऊंची प्लिंथ ग्रेनाइट से बनाई गई है।
17. मंदिर परिसर में स्वतंत्र रूप से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, अग्निशमन के लिए जल व्यवस्था तथा स्वतंत्र पॉवर स्टेशन का निर्माण किया गया है, ताकि बाहरी संसाधनों पर न्यूनतम निर्भरता रहे।
18. 25 हजार क्षमता वाले एक दर्शनार्थी सुविधा केंद्र (Pilgrims Facility Centre) का निर्माण किया जा रहा है, जहां दर्शनार्थियों का सामान रखने के लिए लॉकर व चिकित्सा की सुविधा रहेगी।
19. मंदिर परिसर में स्नानागार, शौचालय, वॉश बेसिन, ओपन टैप्स आदि की सुविधा भी रहेगी।
20. मंदिर का निर्माण पूर्णतया भारतीय परम्परानुसार व स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है। पर्यावरण-जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुल 70 एकड़ क्षेत्र में 70% क्षेत्र सदा हरित रहेगा




1. **Bengal man uses 20-kg biscuits to make Ram Mandir replica, video viral**
2. **Bengal man uses 20-kg biscuits to make Ram Mandir replica, video viral**
3. **17 patients lose vision after cataract surgeries, Guj HC orders probe**
4. **Doctors must mention reason while prescribing antibiotics: Govt**
5. **Thane fire: 5 injured after blast in MIDC chemical factory**
6. **Who will be present inside Ram Mandir's 'Garbha Griha' during Pran Pratishtha on January 22?**

# Samsung and Google make it clear: AI phones are here, whether you're ready or not

**NEW DEIHI, (Agency).** Much before Samsung's latest Galaxy S24 flagships, a series of events were already in motion towards the pursuit of artificial intelligence (AI) smartphones. It really isn't as simple as preloading the ChatGPT app. Well, that could be a way. But phone makers know the need for a compelling proposition for consumers, if they're expected to spend a premium for exclusivity, that may well be momentary. In the past few hours, Samsung and Google have made announcements (no surprise, they're collaborating too) that will go some way in shaping the path of AI phones, in its truest sense. At speed.

Galaxy AI, a eureka moment? Perhaps. AI adoption will take its own time, depending on individual user preferences and how they use their smartphone. In the immediacy and the long-term, Samsung's confirmation that the Galaxy



S24 phones will get 7-years of security updates and 7 generations of Android OS updates. If Google continues the current trajectory of one major Android iteration every year, that'll mean a Galaxy S24 phone will be able to support new Android versions through till the year 2031. No other phone maker offers a runway as long as this, with software support. That will now change.

"Galaxy AI is built on our innovation heritage and deep understanding of how people use their phones. We're excited to see how our users around the world empower their everyday lives with Galaxy AI to open up new possibilities," says TM Roh, President and Head of Mobile eXperience (MX) Business at Samsung Electronics.

After months of talking about an "AI for all" vision that did extensively envelop the ecosystem devices, Samsung's biggest step forward comes with its latest Galaxy S24 line-up of flagship Android phones. Specifically called Galaxy AI that is meant for applications that keep a smartphone at its epicentre, some solutions have been developed in-house while industry partners have helped curate some of the others.

# Akasa Air orders 150 Boeing 737 MAX aircraft

**NEW DEIHI, (Agency).** India's low-cost carrier Akasa Air has placed an order for 150 Boeing 737 MAX aircraft to solidify its position as a major player in the rapidly growing Indian aviation market.

Akasa Air, backed by Rakesh Jhunjhunwala's family, happens to be India's newest airline and has a market share of four per cent since it started its operations in 2022.

IndiGo has a market share




of 60 per cent while the Tata Group's airlines have a combined market share of 26 per cent.

The carrier, founded by former Jet Airways CEO Vinay Dube, aims to capitalise on the rising demand for air travel in the country and position itself as a key player in the low-cost segment.

The order was announced at the "Wings India" air show in Hyderabad, which has attracted planemakers, airlines and government representatives.

The new order is also part of Akasa's plan to fuel its international expansion. The narrow-body Boeing aircraft ordered are equipped to fly to nearby foreign destinations including Southeast Asia and the Middle East from India.




# एमवाय अस्पताल में फिर मारपीट

## मरीज के अटेंडर को गार्ड ने पुलिस चौकी के सामने पीटा, वीडियो वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महाराजा यशवंतराय अस्पताल में एकबार फिर मारपीट का मामला सामने आया है। इस स्टाफ या डॉक्टर ने नहीं बल्कि अस्पताल के गार्ड ने अटेंडर के साथ पुलिस चौकी के सामने जमकर मारपीट कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।**

दरअसल पूरा मामला एमवाय अस्पताल का है जहां पहले भी मरीज के साथ डॉक्टर ने मारपीट की थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। अब दूसरा वीडियो अटेंडर के साथ मारपीट का वायरल हुआ है जिसमें अस्पताल के गार्ड मरीज के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। और मारपीट का यह वीडियो अस्पताल के अंदर ही स्थित पुलिस चौकी का है। इसके बाद भी पुलिस में मारपीट की कोई शिकायत अब तक दर्ज नहीं हुई है। मरीज का अटेंडर मार खाते हुए चिल्ला रहा है। गार्ड ने उसका मोबाइल छीन लिया। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इस पूरे मामले की जांच करने में जुटी हुई है। वहीं अस्पताल के अधीक्षक इस पूरे मामले में कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं।

## 45 वर्षीय महिला का शव मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महू के कोतवाली थाना क्षेत्र में आने वाली खान कॉलोनी में मंदिर के पास एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। मामले की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है। साथ ही इंदौर से फोरेंसिक विभाग की टीम भी महू पहुंची। टीम मौके से कुछ सैंपल अपने साथ ले गई। कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि महिला की उम्र करीब 40 से 45 साल लग रही है। साथ ही महिला के चेहरे पर चोट के निशान भी मिले है। महिला के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल पूरा मामला पीएम होने के बाद ही सामने आएगा। इधर मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंच रहे हैं।

## दिल्ली और बेंगलुरु में खराब मौसम, देरी से आ रही उड़ानें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दिल्ली में कोहरे का असर देशभर की विमान सेवाओं पर दिखाई दे रहा है। बुधवार को बेंगलुरु में कोहरे के कारण बेंगलुरु-इंदौर उड़ान निरस्त हो गई। दक्षिण भारत और दिल्ली में कोहरे के कारण 20 से अधिक उड़ानें देरी से आईं-गईं। गत तीन दिन से हवाई सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अब दक्षिण भारत में भी कोहरा होने से बेंगलुरु से इंदौर आने वाली इंडिगो की 6ई6743 निरस्त हो गई, वहीं इंडिगो की 6ई902 दिल्ली-इंदौर उड़ान 2.20 घंटे देरी से इंदौर पहुंची। हैदराबाद उड़ान भी एक घंटा देरी से इंदौर पहुंची। करीब 20 विमानों का शेड्यूल गडबड़ा गया। उड़ानें निरस्त होने और घंटों लेट होने से सबसे अधिक परेशानी यात्रियों को उठानी पड़ी। विमान कंपनियों ने उड़ानें लेट होने की जानकारी नहीं दी।

# कालाबाजारी रोकने वाले एमआईसी मेंबर को धमकी

## बाइक सवार ने रेस्टोरेंट पर आकर किया पथराव,पुलिस ने दर्ज किया केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संयोगितागंज पुलिस ने एमआईसी मेंबर को धमकी देने के मामले में एक बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी ने पहले रेस्टोरेंट पर आकर पथराव किया। इसके बाद आरोपी बाइक लेकर फरार हो गया।

पुलिस ने संदेह के आधार पर एक आरोपी के खिलाफ कारवाई की है। अफसरों ने आरोपी के हिरासत में रहने की बात कही है। संयोगिगंज पुलिस के मुताबिक एमआईसी मेंबर मनीष मामा को धमकाने के मामले में कोशल्यापुरी नवलखा में रहने वाले जीतू नाम के बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मनीष मामा के यहां से मिली शिकायत में उन्होंने बताया कि पारसी मोहल्ला के यहां उनकी पुश्तैनी दुकान है। जिसमें परिवार के मेंबर को रोककर मनीष मामा का पता पूछा ओर फिर पथराव किया। इसके बाद आरोपी ने कहां कि बहुत मनीष मामा को काला बाजारी रोकने का शौक आ रहा है। उसे बताते है। जिसके बाद आरोपी का पीछा किया तो वह भाग गया। उसकी पहचान जीतू के रूप में हुई। पुलिस मामले में जांच कर कर रात में ही आरोपी को हिरासत में लेने की बात कही है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# एमपीपीएससी के छात्र को कोचिंग में अटैक, अस्पताल में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर छात्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई। छात्र को कोचिंग में ही दिल का दौरा पड़ा था। उसको अस्पताल में भर्ती किया लेकिन मौत हो गई।**

घटना भंवरकुआं थाना क्षेत्र की है। रगोली सागर निवासी 18 वर्षीय राजा पुत्र माधव लोधी सर्वानंद नगर में किराये से रहता था। वह बीए फाइनल ईयर की पढ़ाई के साथ एमपीपीएससी परीक्षा की तैयारी भी कर रहा था। भंवरकुआं क्षेत्र में ही वह कोचिंग जाता था। बुधवार दोपहर कोचिंग में ही उसके सीने में दर्द हुआ तो साथी टावर चौराहा स्थित निजी अस्पताल ले गए। डाक्टर ने उपचार किया और आइसीयू में रखा। शाम को राजा की मौत हो गई। गुरुवार को छात्र के शव का जिला अस्पताल में पीएम करवाया गया।









# बेकाबू एंबुलेंस- चार को किया घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक एंबुलेंस के ड्राइवर ने नशे में 5,6 वाहनों को ठोकते हुए एमटीएच अस्पताल में गाड़ी को घुसेड़ दिया। एंबुलेंस को रोकने के लिए दरवाजे का गेट लगाया तब जाकर चालक पकड़ में आया। इससे पहले मालवा मिल शास्त्री ब्रिज पर वाहनों को टक्कर मारते हुए एमटीएस अस्पताल पहुंचा यहां पर बमुश्किल एंबुलेंस को रोका जा सका। हादसे में नरेंद्र शर्मा, नेहा सूर्यवंशी, एस आई भगवती राठौर सहित एक अन्य घायल हो गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक